तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 12 फरवरी 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 कुपोषण से मुक्ति के लिए माताओं को किया जागरूक



10 गंडई को नहीं मिला जिले का एक भी कार्यालय...



## खबर संक्षेप

### कार्रवाई : गांजा तस्कर को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** गांजा बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर श्री राम चौक हुडको भिलाई में काले रंग के बैग में गांजा रखकर बेचने की फिराक में युवक घूम रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में पुलिस को आरोपी ने अपना नाम पेपर चिल्ली बार कोहका निवासी सौरभ दीक्षित बताया है। आरोपी के पास से 2 किलो 200 ग्रामगांजा और बिक्री रकम 10 हजार 800 रुपए, एक्टिवा जब्त किया है। कुल समानों की कीमत 1.70 लाख 800 रुपये है। घटना भिलाई नगर थाना क्षेत्र की है।

### देह व्यापार :दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**भिलाई।** होटल में देह व्यापार का कारोबार करने वाला संचालक और युवती को पुलिस ने पकड़ा है। दोनों को पकड़ने के लिए पुलिस ने पाइंटर भी बनाया था। एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि पावर हाउस स्थित छाया इन लाज से संचालक छावनी निवासी घनेश रॉयऔर युवती सीता चौधरी को पकड़ा गया है। दोनों के पास से नगदी पांच सौ दो मोबाइल भी जब्त किया गया। होटल में लंबे समय से देह व्यापार का कारोबार चलने की शिकायत मिल रही थी। यहां दीगर राज्यों की युवतियां आकर रुकती थीं।

### अवैध शराब : 31 पाव के साथ आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध शराब के साथ युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पुलिस ने 31 पाव अंग्रेजी गोवा शराब, कुल मात्रा 5.580 बल्क लीटर जब्त किया। जिसकी कीमत 3720 रुपये आंकी गई है। चौकी अंजोरा पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने शीतलापारा, ग्राम समसुदा के पास से इंदिरा आवास, शीतलापार निवासी मुकेश्वर ठाकुर को गिरफ्तार किया है।

### हादसा : बेकाबू कार ने वाहनों को लिया चपेट में

**भिलाई।** बेकाबू कार के ठोकर से चार वाहन कार व दोपहिया वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना भिलाई तीन थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक शांति पारा बस स्टैण्ड के पास सुबह करीब 11 बजे आई-20 सीजी 07 बीके 7302 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सवइस रोड पर खडे कार,बुलेट, ठेला व स्कूटी सवार को चपेट में लिया। फिलहाल घटना में किसी को चोट नहीं आई मगर वाहन क्षतिग्रस्त हो गया है। वाहन चालक सभी भिलाई तीन थाने पहंचे थे। कार चालक इतनी तेज में था कि हादसे के समय उसके कार का सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वाहन में स्कूटी सवार युवती फंस गई लेकिन कार मौके पर ही रुक गया। हादसे के समय आसपास के लोगों ने कार चालक को रोककर थेन लेकर गए।

### दुर्व्यवहार करने वाले एनएसयूआई नेता के खिलाफ अपराध दर्ज

**भिलाई।** ट्रैफिक नियम कानून को लेकर निरीक्षक के साथ दुर्व्यवहार करने के मामले में पुलिस एनएसयूआई नेता के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि दुर्ग विधानसभा अध्यक्ष वरुण केवलतानी ने ट्रैफिक निरीक्षक युवराज साहू के साथ हलमेट को लेकर दुर्व्यवहार किया था। निरीक्षक को वरुण ने भेंट स्वरूप चूड़ी-साड़ी भेंट करने गया था। तब एनएसयूआई नेताओं ने निरीक्षक के साथ दुर्व्यवहार भी किया। मामले को लेकर दुर्ग कोतवाली पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। जानकारी के मुताबिक 23 जनवरी की सुबह शहर विधायक और प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव अपने समर्थकों के साथ बाइक पर भ्रमण पर निकले थे। तब ट्रैफिक जागरूकता सप्ताह चल रहा था।

# रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक डीजे बजाने पर लगा पूर्ण प्रतिबंध

## उल्लंघन करने पर की जाएगी जब्ती और एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- हाईकोर्ट-सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के पालन को लेकर सख्त प्रशासन

ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण को लेकर उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रकाश भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीजे संचालक, मैरिज हॉल संचालक, कार्यक्रम आयोजकों के प्रतिनिधि सहित पुलिस एवं नगरीय प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में ध्वनि विस्तारक यंत्रों याने लाउडस्पीकर/डीजे के उपयोग, समय-सीमा, अधिकतम ध्वनि स्तर डेसिबल एवं प्रतिबंधित अवधि को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। एसडीएम प्रकाश भारद्वाज ने स्पष्ट किया कि न्यायालयीन आदेशों के अनुसार रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा, सिवाय शासन द्वारा अधिसूचित विशेष अवसरों के। निर्धारित सीमा से अधिक ध्वनि प्रसारण को दंडनीय अपराध माना जाएगा। उन्होंने कहा कि आवासीय क्षेत्रों, अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों, न्यायालय परिसरों एवं अन्य संवेदनशील स्थलों में किसी भी ▶▶| शेष पेज 11 पर



### पुलिस करेगी नियमित निगरानी

एसडीओपी एवं थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा नियमित निगरानी की जाएगी। नियम उल्लंघन की स्थिति में भारतीय दंड संहिता, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 तथा ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम 2000 के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। बार-बार उल्लंघन करने वालों के लाइसेंस निरस्तीकरण तक की कार्रवाई संभव है।

## सौगात : बेमेतरा में शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव की बड़ी घोषणाएं

# शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रहकर छात्र छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित हो: शिक्षा मंत्री





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- ग्राम जांता के शाला उन्नयन कार्यक्रम में स्मार्ट क्लास और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार का ऐलान

प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव एक दिवसीय प्रवास पर बेमेतरा पहुंचे, जहां उन्होंने ग्राम जांता स्थित हाई स्कूल में आयोजित शाला उन्नयन कार्यक्रम में भाग लिया।

कार्यक्रम में जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष प्रितपाल बेलचंदन, तेलघानी विकास बोर्ड अध्यक्ष जितेंद्र साहू ,भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शिव चंद्राकर,सरपंच पूजा देवदत्त मिश्रा, स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस दौरान मंत्री श्री यादव का पारंपरिक स्वागत किया गया तथा उन्होंने विद्यालय परिसर में संचालित एवं प्रस्तावित विकास कार्यों का अवलोकन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विद्यालयों में स्मार्ट क्लास स्थापित करने की घोषणा करते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि डिजिटल शिक्षा व्यवस्था से कठिन विषयों को समझना आसान होगा और ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी शहरी स्तर की सुविधाएं मिलेंगी। मंत्री श्री यादव ने घोषणा की कि प्रदेश के सभी विद्यालयों में नया पाठ्यक्रम लागू करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इस पाठ्यक्रम में छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और भौगोलिक विशेषताओं को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रहकर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित होनी चाहिए। राज्य सरकार शिक्षकों की नियुक्ति, प्रशिक्षण, डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता और अधोसंरचना विकास पर समन्वित रूप से कार्य कर रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन और परिश्रम के साथ अध्ययन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में मंत्री ने छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं और आवश्यक निर्देश दिए।

### 150 स्कूलों को आदर्श सीबीएसई स्कूल बनाने की पहल

श्री यादव ने बताया कि प्रदेश के 150 विद्यालयों को आदर्श सीबीएसई स्कूल के रूप में विकसित करने की मांग शासन स्तर पर की गई है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली से जोड़ना है, ताकि वे प्रतियोगी परीक्षाओं और उच्च शिक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षा का मजबूत ढांचा प्रदेश के युवाओं को भविष्य में व्यापक अवसर प्रदान करेगा।

### बाउंड्रीवाल, खेल मैदान, शौचालय सहित कई निर्माण कार्यों की घोषणा

कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के उन्नयन की घोषणा करते हुए बाउंड्रीवाल निर्माण, चबूतरा निर्माण, खेल मैदान विकास, शौचालय निर्माण और साइकिल स्टैंड व्यवस्था का ऐलान किया। छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने छात्रावास परिसर से गुजर रहे हाईटेंशन तार को हटाने तथा अधूरे अहाता निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने का आश्वासन दिया।

## हाईकोर्ट जस्टिस के सुरक्षा घेरा को यात्री बस ने तोड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांदघाट

- कार्केट को किया ओवरटेक
- पुलिस ने रोका, ठोका चालान

नारायणपुर के पास हाईकोर्ट जस्टिस के सुरक्षा घेरा को यात्री बस ने तोड़कर ओवरटेक कर लिया। सुरक्षाकर्मियों की सूचना पर पुलिस ने बस को पकड़कर एक घंटे थाने में खड़ा रखा। उसके बाद 5000 रुपए का चालान बनाकर छोड़ा दिया। जानकारी के अनुसार मिर्जापुर से तूफानी रफ्तार से भिलाई आ रही द्विवेदी ट्रैवल्स की लक्जरी बस एमपी 13 जेडएफ 8113 नेशनल हाईवे में नारायणपुर के पास हाईकोर्ट न्यायाधीश का सुरक्षा घेरा तोड़ कर कार्केट को ओवरटेक कर लिया। वीवीआईपी पायलेट के वाहनों की रफ्तार अक्सर 100 किमी/ घंटे के प्लस रहती हैं। इसका मतलब है कि निश्चित रूप से बस उससे उपर दौड़ रही थी। बस के ओवरटेक करने के बाद नाराज सुरक्षा कर्मियों ने नांदघाट थाने को सूचना दी । पुलिस बस रोककर थाने लाई और धारा 184 में 5000 रुपए का चालान काटा। एक घंटे तक बस थाने में रही, फिर अपने गंतव्य पर रवाना हुई।

## बारात में पापड़ को लेकर विवाद धारदार हथियार से जानलेवा हमला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड वाले तीन आरोपी गिरफ्तार
- एक घायल हायर सेंटर रेफर

थाना खम्हरिया क्षेत्र के ग्राम करमू में शादी समारोह के दौरान मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया। बारात में आए तीन युवकों ने खाना परोसने के दौरान पापड़ और बड़ा मांगने की बात को लेकर विवाद किया और धारदार हथियार से दो युवकों पर जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

प्रार्थी दिनेश निषाद (27 वर्ष), निवासी करमू ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 10 फरवरी को उनके बड़े पिता की बेटी की शादी में बारात आई हुई थी। इसी दौरान अंश पासवान और हरीश बाघ निवासी मडौदा, थाना नेवई, जिला दुर्ग ने खाना खाते समय बार-बार पापड़ और बड़ा मांगने को लेकर विवाद शुरू कर दिया। विवाद बढ़ने पर तीनों आरोपियों ने एक राय होकर भोला राम निषाद (24 वर्ष) और गजानंद निषाद (25 वर्ष) के साथ अश्लील गाली-गलौज की। साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखे धारदार हथियार से सिर, कान, जांघ सहित शरीर के अन्य हिस्सों पर प्राणघातक वार किया। घटना में घायल भोला निषाद का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खम्हरिया में किया गया। जबकि गंभीर रूप से घायल गजानंद निषाद को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया। ▶▶| शेष पेज 11 पर

### गिरफ्तार आरोपी

अंश पासवान उर्फ धन (18 वर्ष), निवासी स्टेशन मरोदा शंकर पारा, थाना नेवई जिला दुर्ग, हरीश बाघ (23 वर्ष) निवासी स्टेशन मरोदा शंकर पारा थाना नेवई जिला दुर्ग, लुपसिंह निषाद उर्फ नानु (22 वर्ष) मूल निवासी गुवारा थाना खम्हरिया जिला बेमेतरा हाल पता स्टेशन मरोदा थाना नेवई जिला दुर्ग। तीनों आरोपियों को 11 फरवरी 2026 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

### इनकी रही अहम भूमिका

पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, उप निरीक्षक ओंकार प्रसाद साहू, प्रधान आरक्षक अजय कुमार लहरे, विनोद पात्रे, आरक्षक सौरभ सिंह, बलदेव निषाद, मुकेश चंद्रवंशी, अशरफी खान, दिनेश निषाद, हीराचंद गेन्ड्रे, लोकेश साहू सहित थाना खम्हरिया स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## श्री रामकथा में राम जानकी विवाह की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़



- आकर्षक झांकी ने लोगों का मोहा मन

मुरता के रावणभाठां मैदान में चल रही श्रीराम कथा के 5वें दिन बुधवार शाम को जनकपुर की भव्य सभा और मिथिला का उल्लास सजीव हो उठा। इस अवसर पर प्रभु श्रीराम और माता जानकी के विवाह का उत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। शिव धनुष भंजन के साथ ही 'जय सिया-राम' के उद्घोष से समूचा पंडाल गूंज उठा।

कथा के दौरान वरमाला का दृश्य देखकर श्रद्धालु भावुक हो गए। लोगों ने जयकारे लगाते हुए नृत्य किया। कथाव्यास पंडित तरुण शास्त्री (मां बम्लेश्वरी धाम, डोंगरगढ़ वाले) ने कहा कि राजा जनक ने अपनी पुत्री सीता के स्वयंवर के लिए शिव धनुष उठाने की शर्त रखी थी। अनेक राजाओं के असफल प्रयासों के बाद भगवान राम ने धनुष को आसानी से उठाकर तोड़ दिया। इसके बाद सीता का विवाह संपन्न हुआ। धनुष तोड़ने के बाद भगवान परशुराम के क्रोध को भी प्रभु राम ने शांत किया।कथाव्यास पंडित तरुण शास्त्री(मां ▶▶| शेष पेज 11 पर

## बालवाड़ी प्रशिक्षण में समग्र विकास और खेल आधारित शिक्षण पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में तृतीय चरण का प्रशिक्षण



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में तृतीय चरण के बालवाड़ी प्रशिक्षण का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदे की वंदना एवं प्रेरणा गीत से हुई। डाइट प्राचार्य जे.के. घृतलहरे ने कहा कि प्रारंभिक बाल्यावस्था बच्चों के समग्र विकास की आधारशिला है। छोटे-छोटे गीत, कहानियों और गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में भाषा विकास एवं अभिव्यक्ति क्षमता को प्रभावी रूप से विकसित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिले में 347 बालवाड़ियां संचालित हैं और तीन चरणों में सभी शिक्षकों को प्रशिक्षण से जोड़ा जा रहा है। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के रिसोर्स पर्सन मो. वसीम खान ने नई शिक्षा नीति 2020 के 5+3+3+4 ढांचे, ईसीसीई याने प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा तथा एफएलएन बुनियादी साक्षरता एवं ▶▶| शेष पेज 11 पर

## अटल चौक में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडितजी को किया याद

# समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- वक्ताओं ने एकात्म मानववाद व अंत्योदय को बताया मार्गदर्शक सिद्धांत



पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को जिला भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा समर्पण दिवस के रूप में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। शहर के पुराना बस स्टैंड स्थित अटल चौक में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू ने अपने संबोधन में कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों से ही अंत्योदय अर्थात समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकासका सपना साकार हो सकता है। उन्होंने कहा कि पंडितजी एकात्म मानववाद के प्रणेता और महान विचारक थे। भारतीय जनसंघ की स्थापना में उनका अहम योगदान रहा, जिसने आगे चलकर भारतीय जनता पार्टी के रूप में देश की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रदेश प्रकोष्ठ संयोजक एवं पूर्व विधायक अवधेश चंदेल ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक दूरदर्शी राजनेता और चिंतक थे। कॉलेज जीवन से ही उन्होंने राजनीति में आने का निर्णय लिया और अल्प समय में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। वर्ष 1951 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ मिलकर भारतीय जनसंघ की स्थापना में उनकी प्रमुख भूमिका रही। जनसंघ के गठन के बाद उन्हें पार्टी का महासचिव बनाया गया। उन्होंने बताया कि पंडित जी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से भी जुड़े रहे और संगठन के प्रचारक के रूप में कार्य किया। उनके वैचारिक और संगठनात्मक प्रयासों का ही परिणाम है कि आज भाजपा एक सशक्त राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित है। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के सरगुजा संभाग प्रभारी होरी लाल सिन्हा ने कहा कि भारतीय राजनीति को वैचारिक आधार देने वाले महान नेताओं में पंडित दीनदयाल उपाध्याय का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। उन्होंने देश को एक सशक्त राजनीतिक विकल्प देने का कार्य किया।

### राजनीति का उद्देश्य समाजसेवा होना चाहिए

नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि "राजनीति का उद्देश्य सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज सेवा होना चाहिए।" उन्होंने अंत्योदय योजना, स्वदेशी अर्थव्यवस्था पर जोर और समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान की अवधारणा को आज भी प्रासंगिक बताया। उन्होंने कहा कि कई विश्वविद्यालयों, संस्थानों एवं योजनाओं का नाम उनके सम्मान में रखा गया है, जिनमें दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना और दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना प्रमुख हैं। ▶▶| शेष पेज 11 पर

